राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, बरेली

राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना के **ध्येय वाक्य** ''मुझको नही तुमको'' और उसके **उद्देश्य** ''समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास'' को आत्मसात कर राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बरेली की रा0से0यो0 इकाई वर्ष 2002–03 से लगातार कार्य कर रही है। हमने न केवल समाज की कुरीतियों को दूर करने के प्रयास किये अपितु समाज के सकारात्मक कार्यों को सामने लाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के भी प्रयास किये हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए इकाई की स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व को निखारने के कार्य समाज सेवा के माध्यम से किया जा रहा है।

छात्राएं कक्षा 11वीं व 12वीं दो वर्षों में रा0से0यो0 से जुड़कर स्वयंसेविका के रूप में इकाई द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करतीं हैं। **इन दो वर्षों में प्रत्येक स्वयंसेविका को 4–4 एकदिवसीय शिविरों तथा 1 सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिभाग करना अनिवार्य होता है।** इन शिविरों के माध्यम से स्वयंसेविकाओं में अनुशासन की भावना को जागृत किया जाता है तथा उन्हें अपना हुनर सभी के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु मंच दिया जाता है जिस कारण वे अपनी झिझक को निकाल स्वयं के हुनर को सभी के समक्ष प्रस्तुत कर पाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली हमारी छात्राएं रा0से0यो0 से जुड़कर अपने व्यक्तित्व को निखार रही हैं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी जनपदीय गतिविधियों से लेकर विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अपने विद्यालय और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है।

वर्तमान में हमारी स्वयंसेविकाओं द्वारा समाज में **स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता, मतदाता जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढाओं व नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम, एड्स जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, मिशन इन्द्रधनुष, सडक सुरक्षा जागरूकता, पॉलीथीन उन्मूलन कार्यक्रम, पोलियो जागरूकता, नशा उन्मूलन, कोरोना टीकाकरण, जल बचाओ–कल बचाओ** जैसे विभिन्न अभियानों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है।

यह हमारे लिये अत्यंत गौरव का विषय है कि हमारी इकाई को विभिन्न शैक्षिक व सामाजिक क्रिया कलापो के लिए शिक्षा विभाग, प्रशासनिक स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, श्रीमती अर्चना राजपूत (प्रवक्ता अंग्रेजी) को वर्ष 2018–19 के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी द्वारा वरचुअली सम्मानित किया गया। बरेली में हमारी इकाई द्वारा निरन्तर किये जा रहे कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना को एक मजबूत पहचान मिली है।

निश्चय ही राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को एक ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है, जहाँ पर स्वयंसेवी छात्र/छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास निरन्तर हो रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण हमारी ही इकाई की **पूर्व स्वयंसेवी छात्रा कु0 प्रिया आर्या हैं जिन्हें वर्ष 2017–18 के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी द्वारा सम्मानित किया गया तथा हमारी इकाई की तीन स्वयंसेवी छात्राओं (कु0 सुमन मौर्य, कु0 पूजा तथा कु0 प्रिया आर्या)का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भी हुआ है।** इसके अलावा हमारी इकाई की **15 स्वयंसेवी छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों** में भी प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकि हैं। **कार्यक्रम अधिकारी, श्रीमती अर्चना राजपूत के द्वारा स्वयं सेविकाओं के सहयोग से विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना उद्यान विकसित किया गया है जिसमें फूलों के, औषधीय, फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गये है तथा कार्यक्रम अधिकारी के व्यक्तिगत प्रयास से सभी पौधो की गाय व बन्दरों से रक्षा हेतु 86 ट्री गार्ड लगवाये गये हैं।**

हमारी इकाई की सभी स्वयंसेविकाएं इन दो वर्षों में रा0से0यो0 से जुड़कर जो कुछ भी सीखतीं है उसे अपने जीवन में आत्मसात कर बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर रहीं हैं तथा समाज में जाकर लोगों को विभिन्न क्षेत्रों के विषयों में जानकारी देकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहीं हैं और यही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। हमारी इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यों ने अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को भी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति आकर्षित कर नई इकाईयां खोलने हेतु प्रेरित किया है।

- यू0 ट्यूब चैनल – Archana Rajput
  https://www.youtube.com/channel/UC6PWVA886WCnM3i55SVF2nQ)
  इकाई द्वारा किये गये कार्यो का जनजागरूकता हेतु प्रसारित करने के उद्देश्य से दिनांक 18–08–2016 को यू0 ट्यूब चैनल बनाया तथा किये गये कार्या को लोगो तक पहुँचाने का कार्य कर रहे है ताकि और लोग भी प्रेरित होकर कार्य करें और रा0से0यो0 के महत्व एवं गतिविधियों को जाने।